TRICITY TODAY

हापुड़ में इनामी तस्कर गिरफ्तार : नामी कंपनी के नाम से बन रही थी नकली शराब, ब्रांडेड बोतलों में हो रही थी पैक

Hapur News : जिले की हाफिजपुर थाना पुलिस ने नामी कंपनियों की नकली शराब बनाने वाले फरार 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी को दबोच लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 2 हजार ब्रांडेड शराब की बोतलों के ढक्कन बरामद किए हैं। इस मामले में एसओजी व थाना पुलिस चार 4 को चार सेल्समैन सहित 9 आरोपियों को जेल भेज चुकी है। जबकि एक आरोपी अभी भी फरार चल रहा है।

पिलखुवा सर्किल के डीएसपी जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता को फरार चल रहे आरोपी के संबंध में सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस ने नकली शराब बनाने वाले मामले में फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी ब्रह्मपाल उर्फ ब्रह्म सिंह को सोना पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि मामले में 4 मई को एसओजी प्रभारी नजीर अली खान और थाना टीम ने कुराना टोल के पास एक बंद ईंट के भट्ठे से नकली शराब बना रहे मास्टर माइंड सोनू, पंकज, अजय, गंगा सिंह, चमनपाल और सेल्समैन बृजेश, लोकनाथ, सुभाष, संदीप को गिरफ्तार किया था।

Source: https://tricitytoday.com/amp/hapur/smuggler-with-a-bounty-of-10-thousand-rupees-arrested-in-hapur-55830.html